EKAL SHAKTI

VANBANDHU PARISHAD
RASHTRIYA MAHILA SAMITI

Vol 22
June '23
&
July '23



हमारे प्रेरणा स्रोत
स्वामी विवेकानंद ...

उठो, जागो
और तब तक मत रुको
जब तक अपने लक्ष्य को न पा लो

अध्यक्षीय मनोगत

हमारे प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद ...

रामकृष्ण परमहंस के शिष्य स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय वेदांत और योग के दर्शन को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया और भारत को दुनिया के आध्यात्मिक मानचित्र पर स्थापित किया।
१८९३ में शिकागो के विश्व धर्म संसद में उनके प्रसिद्ध भाषण ने दुनिया का भारत के प्रति देखने का नजरिया बदल दिया था।
स्वामी विवेकानंद जी द्वारा कहे गए सैकड़ों ऐसे अनमोल वचन हैं, जो जीवन के हर मोड़ पर हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। ४ जुलाई, १९०२ को, मात्र ३९ वर्ष की उम्र में उनके निधन से पूरा भारत वर्ष शोकाकुल हो गया और हमने एक विश्वगुरु खो दिया। उनके वचनों को याद कर अपने जीवन में उतारने का प्रयास ही हमारी इस महापुरुष के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

"उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक अपने लक्ष्य को न पा लो।"
तो लक्ष्य कैसे साधें.....
"हम वही हैं जो हमारे विचार हमें बनाते हैं,
इसलिए अपने विचारों के लिए सजग हो जाओ। इस बात का ध्यान रखो कि आप क्या सोचते हैं। शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं, वे दूर तक यात्रा करते हैं।"
इसके लिए ध्यान रखना होगा कि
"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई को खत्म भी कर सकती है।"
हमें समझना होगा कि
"ब्रह्मांड की सभी शक्तियां हमारे अंदर हैं। यह हम ही हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने हाथ रखा है और रोते हुए कहा कि अंधेरा है।"
"जितना हम दूसरों के साथ अच्छा करते हैं उतना ही हमारा हृदय पवित्र हो जाता है और भगवान उसमें बसता है।"
"अगर धन दूसरों की भलाई करने में मदद करे, तो इसका कुछ मूल्य है, अन्यथा, ये सिर्फ बुराई का एक ढेर है और इससे जितना जल्दी छुटकारा मिल जाये उतना बेहतर है।"
"जितना बड़ा संघर्ष होगा जीत उतनी ही बढ़ी होगी।"
शिक्षा के अभाव में गांवों को अज्ञान के अंधकार में डूबता हुआ देख, स्वामी जी ने कहा था कि
"यदि कोई बच्चा शिक्षा तक नहीं जा सकता तो शिक्षा को उसके पास जाना होगा!"
स्वामी जी के इन्हीं वचनों से प्रेरित होकर सुदूर गांवों में एकल विद्यालय खोलने की प्रेरणा मिली और वनबंधु परिषद की स्थापना हुई।
वर्तमान में पूरे देश में एकल वनबन्धु परिषद के ३८ चैप्टर, ३७ महिला समितियां तथा १८ युवा संगठन अपने सतत प्रयासों से वनवासी बच्चों और ग्राम वासियों के जीवन को शिक्षित, संस्कारी, स्वावलंबी, स्वस्थ और जागरूक बनाने का सतत् प्रयास कर रहे हैं।
मात्र ६० एकल विद्यालयों से प्रारंभ किया यह अभियान आज ८४,000 गांवों में एकल विद्यालयों के माध्यम से राष्ट्र के उज्जवल भविष्य में योगदान दे रहा है।
आइए स्वामी जी के कथनों अनुसार हम सब एकजुट होकर राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के लिए ठोस कदम उठाएं।
जय भारत, जय एकल!

लता मालपानी,
अध्यक्ष
वन बंधु परिषद- राष्ट्रीय महिला समिति

सचिव की कलम से

प्रिय बहनों
राम राम।
हरियाला सावन इस साल २ महीने के लिए आया है। सृष्टि को तरबतर करने साथ ही राखी, तीज, सिंधारे, और परिवार सखियों के साथ आकंठ मस्ती मनोरंजन और अधिक मास में पुण्य लाभ देने के लिए। ओम नमः शिवाय की ध्वनि से भारतवर्ष गुंजायमान हो रहा है और एकल महिला समितियाँ व्यस्त है अपनी वनयात्राओं में। अतिथियों को बड़ी संख्या में लेकर जायें तो वनयात्रा है। सदस्य ही छोटे ग्रुप में जायें तो विद्यालय दर्शन। दोनों ही विस्तार और गुणवत्ता की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।
हमारी पाँचों ज़ोनल मीट बहुत ही सफल रहीं। मार्गदर्शन व मिलन दोनों सुखद थे। सदस्यों के उत्साह के निश्चित ही सकारात्मक नतीजे मिलेंगे।
बंगलौर में २२, जुलाई को आयोजित केंद्र की AGM अभूतपूर्व सफलता के साथ संपन्न हुई। राष्ट्रीय महिला समिति के तक़रीबन सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई व बंगलौर के आतिथ्य से अभिभूत होकर आये।
५, ६ अक्टूबर को राष्ट्रीय महिला समिति की AGM आयोजित है। आप सभी उत्साही समितियों के आने से ही वह सफल होगी।
यह आयोजन जोधपुर से डेढ़ घंटा दूर ओशियन रिसोर्ट में है जो सुप्रसिद्ध ओसियां देवीमाँ के मंदिर के क़रीब है। इस AGM में ही राष्ट्रीय महिला समिति का चतुर्थ सत्र प्रारम्भ होगा। तृतीय सत्र का पारितोषिक वितरण समारोह भी AGM में ही होगा। AGM में ही हम सब रूबरू मिल पाते हैं इसलिए प्रतीक्षा रहती है।
समितियों द्वारा आयोजित प्रदर्शनियां व स्टाल बहुत सफल रहे। कई समितियों ने दूसरी प्रदर्शनीयों में एकल स्टाल लगाया। सबके अनुभव बहुत अच्छे रहे। कही लोग ज़्यादा आये, कहीं स्पॉन्सरशिप, कही बिक्री अधिक हुई। पर सब जगह हमारा प्रचार का मक़सद सिद्ध हो गया।
सेवा पात्र माह आरम्भ हो गया है। एक बच्चे की शिक्षा का सहयोग लेकर महिला समितियों का इतनी बड़ी राशि जमा करना अपने आप में एक उदाहरण है। जन्माष्टमी पर कृष्णलला की व राममंदिर स्थापना दिवस पर रामलला की न्यौछावर हम उन्हीं के साक्षात स्वरूप बनवासी बालक की शिक्षा के लिए समर्पित करें, यही अगस्त माह को सेवा पात्र माह घोषित करने का उद्देश्य है।
सब समितियों की AGM संपन्न हो गई है तथा वार्षिक कैलेंडर बनने के बाद समितियाँ पूर्णरूप से सक्रिय हो गई हैं। सभी को उनके यशस्वी कार्यकाल के लिए मंगलकामनाएँ।

जोधपुर में प्रतीक्षारत,
विनीता जाजू
सचिव
वन बंधु परिषद- राष्ट्रीय महिला समिति

Editorial Board

Smt. Lata Malpani

Smt. Vineeta Jaju

Smt. Shobhana Paranjpye

Smt. Rashmi Chandak

Star Projects

भारत के रंग एकल के संग : Jamshedpur 7

प्रदर्शनी व एकल का प्रचार प्रसार: Jaipur 18

कबीर जयंती कार्यक्रम : Indore 21

सावन स्पेशल एकल मेला : Bangalore 31

तीन दिवसीय प्रदर्शनी 'Festive Fiesta' : Chennai 32

Star Photography

Pune

Ranchi

Zonal News

वन बंधु परिषद राष्ट्रीय महिला समिति ईस्ट जोन की दो दिवसीय वार्षिक बैठक, ४ और ५ जुलाई को, होटल नोवान्ता, आदित्य पुर, जमशेदपुर में, सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

इस आयोजन में ईस्ट जोन के ११ विभिन्न समितियों से ६० बहनें उपस्थित हुई और जमशेदपुर महिला समिति से ४० बहनें उपस्थित हुई। इसमें कुल ३ सत्र थे।

पहले सत्र में अपनी परंपरा को निभाते हुए सबसे पहले तीन बार ब्रह्म नाद, दीप प्रज्वलन, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ और एकल गीत प्रस्तुत करने के बाद सभी आगंतुकों का स्वागत हमारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती नीलम जी केडिया ने किया। श्रीमती चेतना जी कावंटिया ने बहुत ही सटीक रूप से वनयात्रा के फॉर्म को कैसे भरें, इसके बारे में बताया। श्रीमती शांता जी शारदा ने अपने ओजपूर्ण वाणी में 'एकल को जाने' इस विषय पर पीपीटी प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध माउंटेनियर श्रीमती प्रेमलता जी अग्रवाल को आमंत्रित किया गया था। समिति की ओर से एक पॉट हैंगिंग के साथ एडेनियम का पौधा और एक खूबसूरत उपहार देकर उनका सम्मान किया गया। उन्होंने हमारे कार्य की सराहना की और इस नेक कार्य से जुड़ने की इच्छा भी जाहिर की।

समिति की सभी बहनें उनसे मिलकर बहुत ही प्रोत्साहित हुई और उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए सभी बहुत उत्सुक थी।

हमेशा की तरह आज के कार्यक्रम में मंच का संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य श्रीमती माहेश्वरी जी दुबे ने बहुत ही कुशलता पूर्वकसा किया।

दूसरे सत्र में सभी समितियों की बहनें आई, उन सब ने एक-एक करके अपना परिचय दिया। सभी समितियों की सचिव ने अपने गत वर्ष के कार्यों का पीपीटी प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया और अध्यक्ष ने आगामी योजनाएं प्रस्तुत की। सभी समितियों ने अलग-अलग तरह के कार्य किए हैं, जिससे उनकी रचनात्मकता का पता चलता है।

तत्पश्चात् श्रीमती सविता जी अग्रवाल ने अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के दायित्व और उनके कार्य की बहुत ही सुंदर और संक्षिप्त टिप्पणी प्रस्तुत की।

इस सत्र का सबसे मनोरंजक और रंगारंग कार्यक्रम शुरू हुआ तंबोला से। तत्पश्चात् श्रीमती चेतना जी का कांवटिया ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक बहुत ही सुंदर और संक्षिप्त नाटक प्रस्तुत किया। उसके बाद अंताक्षरी का कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें सभी समितियों से आई हुए बहनों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक भाग लेकर खूब आनंद उठाया। पूरा माहौल जोश और उत्साह से भर गया था और सब ने खूब नृत्य किया और जमकर मस्ती की।

दूसरे दिन की शुरुआत जमशेदपुर के प्रसिद्ध जुबली पार्क के भ्रमण के साथ हुई सभी बहनों ने पार्क में जमकर मौज मस्ती की।

तीसरे सत्र की मीटिंग में, सबसे पहले ईस्ट जोन की ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री श्रीमती विमला जी दम्मानी ने अपने संबोधन के द्वारा सभी को एकल के इस यज्ञ में अपनी अपनी आहुति देने के लिए प्रेरित किया।

श्रीमती मीरा जी डोकानिया ने सुंदर ढंग से सेवा पात्र के बारे में जानकारी दी।

संक्रांति संग्रह का महत्व के बारे में श्रीमती चेतना जी कांवटिया ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

मासिक मीटिंग का फॉर्म कैसे भरें जमशेदपुर की ममता अग्रवाल ने बताया।

इसके बाद प्रश्नोत्तर सत्र हुआ जिसमें सभी बहनों की समस्याओं को सुनकर वरिष्ठ सदस्यों ने बहुत ही सुंदर तरीके से समाधान प्रस्तुत किया।

फिर पुरस्कार वितरण किया गया। जिस समिति ने जिस क्षेत्र में अच्छा कार्य किया था, उसके लिए उनको पुरस्कृत किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन और कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापनकिया गया।

सभी समितियों से आई हुई सभी बहनों को एक पॉट हैंगिंग के साथ एडेनियम का पौधा जमशेदपुर महिला समिति की ओर से उपहार स्वरूप दिया गया। ग्रामीण महिलाओं के उत्साहवर्धन और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से यह पॉट हैंगिंग ग्रामीण महिलाओं से बनवाया गया। महिला समिति के इस प्रयास को सभी ने सराहा।

यह संपूर्ण आयोजन बहुत ही कुशलता पूर्वक संपन्न हुआ और सब अपने-अपने समय के अनुसार अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ गए ।

Dhanbad Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Anamika Tulsyan

वनयात्रा में योग दिवस कार्यक्रम

२१ जून २०२३ को वन बंधु परिषद धनबाद की महिला समिति ने छाताटांड़ एवं छाताटांड़ १ के एकल विद्यालयों के करीब ६० बच्चों, दो आचार्यों एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस वन यात्रा में समिति की पांच बहनों ने भाग लिया।

"योग ही स्वस्थ जीवन का वरदान है"। इसके महत्व को बताया गया। सभी बच्चों ने बड़ी तन्मयता के साथ योग का प्रदर्शन किया तथा योग के प्रति उनकी जागरूकता एवं उत्साह देखकर सभी का मन प्रसन्न हो गया।

हल्की फुहार का आनंद लेते हुए सुहावने मौसम में सब बच्चों के साथ योग करके सभी बहनों को भी असीम आनंद की अनुभूति हुई ।

सभी बच्चों को फ्रूटी एवं आम वितरित किए गये। कुछ बच्चों ने भजन गाए तथा देशभक्ति गीत पर मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किए।

सुबह ६ बजे निकल कर वन यात्रा करना बिलकुल सार्थक हो गया।

Jamshedpur Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Aakansha Dhoot

विवाह की वर्षगांठ, ग्रामीण बच्चों के साथ

४ जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन बंधु परिषद जमशेदपुर महिला समिति द्वारा घाटशिला अंचल के पटमदा संच के मुकरूडीह विद्यालय गांव में वन यात्रा का आयोजन किया गया। समिति सदस्य श्रीमती मंजू गुप्ता वैवाहिक वर्षगाँठ पर अपने पूरे परिवार के साथ इस यात्रा में सम्मिलित हुई। गांव में बच्चों और ग्राम वासियों के बीच अपने इस दिन को उत्सव के रूप में मनाना व भोजन की व्यवस्था भी परिवार द्वारा कराना सबके लिए प्रेरणास्पद था।

श्रीमती गुप्ता की पुत्र वधू एवं पुत्री स्नेहा पंसारी ने बच्चों को वहां कई प्रकार के खेल खिलाये जिसमें मुख्य रुप से क्रिकेट था। खेल के बाद सभी बच्चों को पुरस्कार स्वरूप ज्योमेट्री बॉक्स, रंग एवं पेंसिल आदि दिया गया। सभी बच्चे इन खेलों में उत्साह से भाग लेकर बहुत खुश थे। काफी संख्या में ग्रामवासी भी उपस्थित थे।

श्रीमती स्नेहा पंसारी ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी बच्चों, आचार्यों और कार्यकर्ताओं से पर्यावरण संरक्षण के विषय में बात की।

सभी उपस्थित अतिथियों को इस वन यात्रा में सम्मिलित होकर बहुत ही अच्छा लगा।

भारत के रंग एकल के संग

एकल सुरताल टीम का १८ से २० जून तक का प्रवास जमशेदपुर में रहा। इस तीन दिवसीय प्रवास में २ सुंदरकांड पाठ, ४ परिवार संपर्क और १८ जून को जमशेदपुर महिला समिति द्वारा 'भारत के रंग एकल के संग' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में हमारे देश के विविध रंगों का एकल की टीम द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया और कृष्ण लीला की सुंदर और अद्भुत झांकी प्रस्तुत की गई। ४५० लोगों ने मंत्रमुग्ध होकर संपूर्ण कार्यक्रम देखा। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गूंज रहा था। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकांश लोग एकल से परिचित नहीं थे, परंतु कार्यक्रम देखने के बाद पूरे नगर में एकल की गूंज उठ रही थी। यह संपूर्ण आयोजन बहुत ही सफल रहा।

जिन सदस्यों के घर में भी यह टीम गई और हनुमान चालीसा का पाठ किया उन सब को बहुत ही अच्छा लगा। सुंदरकांड का पाठ भी बहुत ही सुखद और सुंदर अनुभव प्रदान करने वाला रहा।

Jamshedpur Mahila Samiti

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

२१ जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महिला समिति ने प्रातः सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया। योग प्रशिक्षक के रूप में पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रशिक्षित आचार्य श्री सहर्ष अमृत पटेल को आमंत्रित किया गया। उन्होंने सुव्यवस्थित तरीके से प्राणायाम और आसन करवाया। अंत में हास्य आसन में सभी भाइयों और बहनों ने खूब जोरदार ठहाका लगाकर आज के दिन की शुभ शुरुआत की। समिति की १० बहनों और चैप्टर से २० भाइयों ने इस कार्यक्रम में योगाभ्यास किया।

वन बंधु परिषद जमशेदपुर

वन बंधु परिषद जमशेदपुर महिला समिति की ओर से तुलसी भवन बिष्टुपुर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया, आचार्य सहर्ष अमृत पटेल की देखरेख में योग हुआ, उन्होंने आसन और प्राणायाम कराये।

Kolkata Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Sangeeta Kejriwal

योग दिवस

वनबंधु परिषद कोलकाता महिला समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर २० जून को एकल भवन कोलकाता में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस सत्र में जानीमानी स्पोर्ट्स फ़िज़ियोथेरेपिस्ट डॉ. नेहा सिंह राजपूत,(ह्यूमन मैकेनिक फ़िज़ियोथेरेपिस्ट की फाउंडर, 'हाउस ऑफ सो' की एच.ओ.डी) ने महिलाओं को फ़िज़ियोथेरेपी के माध्यम से शरीर को फिट रखने, विशेषकर ५० की उम्र के बाद होने वाली समस्याओं से बचने हेतु शारीरिक चुस्ती-फुर्ती बढ़ाने वाली फ़िज़ियोथेरेपी क्रियाएं विशेष रूप से सिखाईं। योग सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

जमशेदपुर में क्षेत्रीय बैठक में हिस्सा

वनबंधु परिषद कोलकाता महिला समिति की सदस्याओं ने ४-५ जुलाई को जमशेदपुर में क्षेत्रीय बैठक में हिस्सा लिया। कोलकाता से समिति की ८ सदस्यों ने इसमें भाग लिया। कोलकाता महिला समिति को संक्रांति एवं सेवा पात्र के उच्चतम संग्रह के लिए पुरस्कृत किया गया।

Patna Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Neeta Goel

आरोग्य

वनबंधु परिषद पटना महिला समिति द्वारा ३ जून को ब्लड सेन्टर में विभिन्न गांवों से आये हुए ५० थैलेसेमिया पीड़ित बच्चों में से HLA टेस्ट के बाद करीब ३५ बच्चों को कोकिला बेन अम्बानी हॉस्पिटल मुम्बई में मुफ्त इलाज के लिए भेजा गया। बच्चों और उनके परिजनों को १०० पैकेट, जिसमे गमछा, बन, बिस्कुट, लूडो, बोतल, आम और टॉफी थी, बांटे गए। ये उपहार पाकर बच्चों के चेहरे की खुशी देखते ही बनती थी।

शबरी बस्ती

१४ जून को महिला समिति ने मासिक मीटिंग में ३६ सदस्याओं की उपस्थिति में शबरी बस्ती की २ कन्याओ के विवाह हेतु बहुत सा सामान दिया।

१८ जून को समिति द्वारा शबरी बस्ती के ५५ बच्चों के मध्य हाफ पैंट, टीशर्ट, कापी, पेन पेंसिल और रबड़ का वितरण किया गया। उन्हें फल और शरबत भी दिए गए। बच्चों को राखी बनाना सिखाया और उन से पेंटिंग भी करवाई गई।

१९ जुलाई को समिति की सचिव सीताजी बंसल ने अपना जन्मदिन शबरी बस्ती के बच्चों के मध्य मनाया। बच्चे समोसा, कचौरी, जलेबी, icecream, फलोंका रस, बिस्कुट और टॉफ़ी पाकर बहुत ही खुश थे। बच्चों को राखी बनाना भी सिखाया गया। इसे सीखने में बच्चो ने बहुत रुचि दिखाई।

जोनल बैठक

४ व ५ जुलाई को जमशेदपुर में बनबन्धु महिला समिति की जोनल बैठक में पटना महिला समिति से ७ सदस्याएं गयी। वहां पर शांता जी शारदा, विमलाजी दमानी, सविता जी अग्रवाल आदि वरिष्ठ सदस्याओ से बहुत कुछ सीखने को मिला। वनबंधु महिला समिति के सभी कार्यों के विषय मे बहुत बारीकी से जानकारी मिली।पटना समिति को सर्वाधिक सदस्य (४१५) का पारितोषिक मिला।

Ranchi Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Anita Tulsyan

भारत के रंग एकल के संग

वनबंधु परिषद राँची महिला समिति के द्वारा ११ जून को एकल सुरताल टीम का 'भारत के रंग एकल के संग' परिकल्पना पर देशभक्ति एवं देवभक्ति से भरपूर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एकल सुरताल की प्रमुख व्यास कथाकार श्रीमती करुणा ठाकुर ने अपनी टीम के साथ गणेश वंदना से इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरम्भ किया। एकल सुरताल के कलाकारों द्वारा भारत की सांस्कृतिक विविधता, विशेषता, एकता, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, देशभक्ति एवं देवभक्ति की अद्भुत झलक प्रस्तुत की गई। विभिन्न प्रांतों पर आधारित लोक नृत्यों ने दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर दिया।

सभी अतिथियों व सदस्यों ने इस कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की। रांची महिला समिति ने इस कार्यक्रम में पधारी महिलाओं से रांची महिला समिति से जुड़ने का आग्रह कियाI

फ़िल्म शो

महिला समिति के द्वारा हिंदी फिल्म आदिपुरुष के लिए चैरिटी शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वनबंधु परिषद के सदस्यों व कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई थी।

बैठक

हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री रमेश सराओगीजी के साथ वनबन्धु परिषद के सभी कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। इस बैठक में श्री रमेश सरावगीजी ने एकल अभियान रांची की प्रत्येक इकाई की सराहना की और भविष्य के लक्ष्यों और उनको प्राप्त करने हेतु सभी का मार्गदर्शन किया।

ज़ोनल बैठक

वनबंधु परिषद पूर्वी क्षेत्र महिला समिति की ज़ोनल बैठक जमशेदपुर में संपन्न हुई। इस बैठक में भविष्य की योजनाओं, कार्य करने के तरीके, कार्य अनुभव साझा किए गए जिनसे सभी को बहुत कुछ सीख मिली।

इस आयोजन में रांची चैप्टर महिला समिति को नगर भ्रमण यात्रा के आयोजन के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। राँची महिला समिति सदस्यों ने इस आयोजन की सराहना की और जमशेदपुर को आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

Ranchi Mahila Samiti

वनयात्रा एवं वृक्षारोपण

२३ जुलाई को रांची महिला समिति द्वारा गरवली ग्राम में वनयात्रा व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। झारखंड में लोकनृत्य, तिलक, माला पहनाकर स्वागत किया गया। लोहरदगा अंचल अध्यक्ष श्री सतीश जायसवाल की अध्यक्षता में पूसों गढ़वाली में पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में हमारे ४ सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ नित्य पूजा अर्चना के साथ हुआ। इस बैठक में विद्यालय के बच्चे, अभिवावक, संच व अंचल के प्रमुख उपस्थित थे। समिति ने विद्यालय में उपस्थिति और शिक्षण गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित होकर उन्हें उपहार स्वरूप फुटबॉल, गेंद, बिस्किट जैसी वस्तुएं भेंट की गयीं । इसके उपरांत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। समिति ने इस वनयात्रा के दौरान गांव में स्थापित पोषण वाटिका का भ्रमण किया। वनयात्रा में शामिल सदस्यों ने इस कार्यक्रम की बहुत सराहना की।

सखी संगम

२५ जुलाई को समिति की मासिक बैठक एवं सखी संगम की बैठक हुई। कुछ नए सदस्यों का परिचय कराया गया और उन्हें महिला समिति के बैज दिए गए।

पूर्वी क्षेत्र की अध्यक्षा श्रीमती रेखा जैन ने भविष्य के लिए हमारा मार्गदर्शन किया। इस बैठक का मुख्य एजेंडा सावन मिलन और फौजी भाइयों के साथ रक्षाबंधन पर चर्चा थी। इसके अलावा वन यात्राओं के आयोजन के उचित तरीके पर भी चर्चा की। स्वादिष्ट व्यंजन और शांति पाठ के साथ इस बैठक का समापन किया गया।

वृक्षारोपण व वनयात्रा

३० जुलाई को वनयात्रा के पूर्व हमने अपने आरोग्य भवन परिसर में फलदार पौधारोपण किया। उसके पश्चात् सभी रामगढ़ अंचल के हहूआ ग्राम पहुंचे जहां ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से सभी का स्वागत किया। हहुआ ग्राम की आचार्य प्रतिवा देवी ने बच्चों के साथ ओंकार मंत्र किया। वनयात्रियों के समक्ष बच्चों ने गणित, सामान्य ज्ञान और विभिन्न प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इसके पश्चात बच्चों को फल, लेखन सामग्री, बिस्कुट और चॉकलेट आदि वितरित किये।

Gaya Mahila Sahsamiti

Media Prabhari
Smt. Manju Agarwal

पर्यावरण दिवस

पर्यावरण दिवस के अवसर पर ७ जून को सभी बहनों ने मासिक बैठक भी की और बहुत सारे पौधे भी लगाए।

योग दिवस

१९ जून को १० सदस्यों तथा गांवों से आए ५ कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर योग दिवस मनाया। ब्रह्मनाद, भारत माता के पूजन, दीप प्रज्वलन तथा गायत्री मंत्र के उच्चारण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात् योग आचार्य ने सभी को बहुत अच्छे तरीके से योग सिखाया। सभी कार्यकर्ताओं ने भी बहुत उत्साह से भाग लिया। योग आचार्य तथा कार्यकर्ताओं को उपहार स्वरूप वस्त्र का वितरण किया गया। अंत में कल्याण मंत्र से उत्सव का समापन किया गया । सभी ने चाय, नाश्ते का आनंद लिया।

वनयात्रा के साथ सावन का त्यौहार

२५ जुलाई मंगलवार को ६ सदस्य चुनौती संच में स्थित कठोतिया गांव में सावन का त्योहार मनाने गए। गांव की महिलाओं ने सभी का बहुत ही सुंदर स्वागत किया, टीका निकाला, माला पहनाई तथा सुंदर रंगोली बनाई। उनके स्वागत से सभी भाव विभोर हो गए। समिति ने उनके साथ सावन, तीज तथा सिंधारा का उत्सव मनाया। ग्रामीण महिलाओं के साथ मिलकर मेहंदी लगवाई। सभी को श्रृंगार का सामान तथा साड़ी का वितरण भी किया। मिठाई, नमकीन तथा जूस का भी वितरण किया। बच्चों से कविताएं व पहाड़े सुने, खूब बातें की। यह वन यात्रा बहुत ही सुखद रही।

Agra Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Shalini Garg

दवा वितरण

८ जून को आगरा महिला समिति ने १२५ मरीज़ो को अस्थमा एवं एलर्जी की दवा का निशुल्क वितरण किया। 'मृगीरावी' नामक यह आयुर्वेदिक दवा पूर्ण रूप से शाकाहारी है। समिति सदस्य मधुजी बंसल ने हैदराबाद से मंगाकर इसका निशुल्क वितरण किया। महिला समिति की आठ सदस्यों ने इस कार्य में भाग लिया।

सिनेमा

१७ जून को समिति द्वारा ५० सदस्याओं को आदिपुरुष सिनेमा दिखाया गया।

योग शिविर

समिति द्वारा योग दिवस पर योग शिविर के आयोजन में ४५ लोगों ने योग किया ।

डॉक्टर्स डे

१ जुलाई को समिति ने चार डॉक्टर्स का सम्मान व ८० मरीज़ो की निःशुल्क डायबिटीज जाँच करा कर डॉक्टर्स डे मनाया।

Agra Mahila Samiti

गौरव दिवस

३ जुलाई का दिन आगरा महिला समिति के लिए गौरव दिवस था। गुरुपूर्णिमा के दिन आदरणीय माँ रत्नीदेवी काबरा और बापूजी का आशीर्वाद आगरा महिला समिति को मिला।

माँ ने अपने आशीर्वचनों से समिति को मार्गदर्शन दिया।

बापूजी के उद्बोधन से महिलाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ व माँ ने इस उपलक्ष्य में हनुमान चालीसा का पाठ शुद्ध उच्चारण में किया। शांति पाठ के बाद भोजन व्यवस्था थी।

चैप्टर की बैठक में आदरणीय बापूजी ने समिति को आगे बढ़ाने के लिए सुझाव दिये।

शबरी बस्ती

२० जुलाई को महिला समिति की २५ सदस्याओं द्वारा शबरी बस्ती के एक विद्यालय में सेवा कार्य किया गया जिसमे ५ युवा भी जुड़े। नर्सरी से ८ वी कक्षा तक के ११० बच्चों को बैग व किताबें दी गई व जूस, पेटिस, बिस्कुट, फल, मिठाई और लेखन सामग्री वितरित की गई।

अधिक मास

अधिक मास में दान के महत्व को ध्यान में रख कर आगरा महिला समिति ने २० जुलाई को कुष्ठ आश्रम में ५० रोगियों को खाद्य सामग्री वितरित की।

आरोग्य तथा उचित आहार का शिविर

दिल्ली महिला समिति ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के स्वस्थ- सुनहरे मौक़े पर, 'सबसे बड़ा सुख- निरोगी काया' को उद्देश्य मानते हुए और 'जैसा खाओ अन्न - वैसा होगा मन और तन भी', इसी भावना को ध्यान मे रखते हुए आरोग्य तथा उचित आहार का द्विदिवसीय शिविर १५ और २१ जून को आयोजित किया, जिसमें आहारतज्ञ नीरजाजी हरिहरण (Certified Coach, Wellness, Erickson International) द्वारा शरीरयष्टी के अनुसार आहार और स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्नों के उत्तर हर एक को दिए गए, इस शिविर का लाभ करीबन ३२ सदस्यों ने लिया।

सावन उत्सव

सावन का महीना, घटाएँ घनघोर, सखियाँ मिल कर झूमें और खूब मचायें शोर।

दिल्ली व नार्थ दिल्ली महिला समिति ने मिलकर १२ जुलाई को १५ सदस्यों एवं १२ आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में सावन उत्सव ज़ोरशोर से मनाया। पारंपरिक तरीक़े से साफ़ा पहनाकर मौली, तिलक लगाकर सबका स्वागत किया गया। रंग बिरंगें परिधान में सजी सखियों ने राजस्थानी थीम पर नृत्य और गीतों का समा बांध दिया। दाल बाटी चूरमा के स्वादिष्ट भोजन के बाद समापन हुआ। आमंत्रित सदस्यों को एकल के बारे में जानकारी दी गई। दिल्ली समिति के २ एवं दिल्ली समिति नार्थ के ३ नये सदस्य बनाये गये। दिल्ली में अतिवृष्टि की वजह से उपस्थिति साधारण रही पर कार्यक्रम में मेहँदी रचें हाथों और पान रचें होठों की खिलखिलाहटों ने चार चाँद लगा दिये।

Jaipur Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Sangeeta Gupta

फिल्म प्रदर्शन

दिनांक १६ जून को जयपुर सखी संगम समूह एवम महिला समिती के सदस्यो के लिए फिल्म 'आदिपुरुष' के प्रदर्शन का आयोजन आईनॉक्स में किया गया। सखी संगम की ४० सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सचिव मीना खंडेलवाल ने योग दिवस पर होने वाली आगामी गतिविधि की सभी को जानकारी दी।

योग दिवस

जयपुर महिला समिति ने विश्व योग दिवस के उपलक्ष में २० जून को सेंट्रल पार्क में सदस्यों एवं परिजनों के लिए योग का कार्यक्रम रखा। गुरुकुल योग संस्थान के योगगुरु श्री महेंद्र सिंहजी राव ने प्राणायाम सिखाया एवं संगीतमय योगाभ्यास करवाया। हास्यासन ने सबको नई ताजगी दे दी। ५० सदस्यों ने सुबह के सुहावने वातावरण में कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती शोभा अजमेरा ने पूरा आयोजन किया और आरोग्यदायी फलों के रस और अंकुरित अनाज के सलाद का भी प्रबंध किया।

सखी संगम

वनबन्धु परिषद जयपुर महिला समिति ने १३ जुलाई को 'रेनबो थीम' पर सखी संगम का कार्यक्रम किया जिसमें ३५ सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पण्डित राजकुमारजी चतुर्वेदी (राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित) ने सुखी जीवन के लिये ज्योतिष, ग्रह वास्तु तथा जन्म कुन्डली के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। विवाह सम्बन्धों में सामंजस्य, भगवान श्रीनारायण शब्द का अर्थ, ग्रह नक्षत्रों का मानवी जीवन में प्रभाव आदि रुचिकर विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की तथा सभी सदस्यों के प्रश्नों का समाधान किया। इस कार्यक्रम में श्रीमती गोपेश्वरीजी शर्मा समिति की सदस्य बनी।

अध्यक्ष श्रीमती मधुजी लोईवाल ने आगामी कार्यक्रम 'शुभम् राखी प्रदर्शनी' की जानकारी दी एवं सभी सदस्यों को प्रदर्शनी में आने हेतु आग्रह किया व सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Jaipur Mahila Samiti

प्रदर्शनी व एकल का प्रचार-प्रसार

२१-२२ जुलाई को जयपुर की प्रतिष्ठित शुभम् प्रदर्शनी में वन बंधु परिषद को NGO Category में स्टॉल दिया गया। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में महिला समिति ने अपने स्टॉल में अनेक उत्पादों का विक्रय कर अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की।

एकल की हल्दी, शहद, अचार और घी, घानी का तेल, मठरी, चिवड़ा, नमकीन, ढोकला पकोड़ी मिक्स, हींग, पाव भाजी, अचार आदि मसाले, चूरन सुपारियां, कई प्रकार के बेकरी उत्पादन, आयुर्वेदिक चीनी चूर्ण इत्यादि में आगंतुकों ने बहुत ही रुचि दिखाई। दोनों दिन स्टॉल पर बहुत भीड़ नज़र आई।

स्टॉल को एकल की गतिविधियों के चित्रों से सजाया गया था। एकल के प्रचार - प्रसार एवं धन संग्रह, दोनों उद्देश्यों में समिति सफल रही। लोगों ने एकल के बारे में जानकारी हासिल करने एवं सदस्य बनने में रुचि दिखाई।

इस प्रदर्शनी में लगभग १ हजार से अधिक लोग आये। स्टॉल से लगभग १.६० लाख की सामग्री विक्रय की एवं दो स्कूल से अधिक का लाभ कमाया। दो नए सदस्य भी बने।

स्टॉल की सफलता में समिति के अधिकांश सदस्यों का योगदान रहा।

अध्यक्ष मधु लोईवाल के पूरे परिवार ने दोनों दिन अपनी सेवाएं दीं। राजीवजी लोईवाल, अमरीका से आई बहु रुपमा एवं बच्चे विवान और अनाया ने भी बहुत उत्साह से काम किया।

Gwalior Mahila Samiti

Media Prabhari
Dr. Sunita Nagori

योग दिवस

वनबंधु परिषद ग्वालियर महिला समिति २१ जून को प्रातः ६ बजे डबरा अंचल के संच आंतरी में १० विद्यालयों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने अलग अलग टोलियाँ बनाकर एक साथ ग्वालियर से ग्रामीण क्षेत्र में पहुंची।
ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचने के बाद टीम १० गुटों में विभाजित होकर विद्यालयों पर पहुंची। ३ विद्यालय पहुंचकर सर्वप्रथम भारत माता, सरस्वती माता का दीप प्रज्वलन मंत्र के साथ पूजन किया। उसके बाद विद्यालय ग्राम के बच्चों व ग्राम समिति व ग्राम वासियों से आपसी परिचय कर योग प्रारंभ हुआ। योग उपरांत सभी बच्चों व ग्राम वासियों को फल व बिस्किट वितरित किए गए।
इस तरह बहुत ही रोमांचक एवं सुव्यवस्थित तरीके से महिला समिति द्वारा योग दिवस मनाया गया।

पक्षियों हेतु दाना-पानी:

महिला समिति द्वारा २५ जून को कुष्ठ आश्रम में पक्षियों हेतु दाना-पानी की व्यवस्था की गई। इस नेक कार्य हेतु ग्वालियर महिला समिति के आग्रह पर कुष्ठ आश्रम के रोगियों द्वारा स्थायी रूप से निरंतर पक्षियों को रोज दाना-पानी डालने की बेहद उत्साहपूर्वक जिम्मेदारी ली गई।
१०-१० किलो बाजरा, ज्वार, दाना व पानी हेतु सकोरों की व्यवस्था समिति द्वारा की गई।
इसके साथ ही कुष्ठ आश्रम में रहवासी 50 कुष्ठ रोगी परिवारों हेतु सांयकाल के नाश्ते (रोज मिल्क, आम, नमकीन एवं बिस्कुट) का वितरण किया गया।

डी.डी. मॉल में भव्य कार्यक्रम

दिनांक ५ जुलाई, मंगलवार को ग्वालियर महिला समिति का भव्य कार्यक्रम डी.डी. मॉल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय मां श्रीमती रत्ना देवीजी काबरा एवं पद्मश्री विभूषित श्री रामेश्वरलालजी काबरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।
ग्वालियर महिला समिति के द्वारा अतिथियों का स्वागत श्रीफल एवं शॉल द्वारा किया गया मां रत्ना देवीजी काबरा ने ग्वालियर के आसपास के गांव में वन बंधु परिषद द्वारा संचालित एकल अभियान के कार्यों को करने के लिए गाँव गाँव में समिति गठित करने पर जोर दिया।

Gwalior Mahila Samiti

साथ ही उन्होंने एकल अभियान के तहत पंचमुखी शिक्षा, संस्कार शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, स्वावलंबन शिक्षा एवं स्वाभिमान शिक्षा देने पर भी जोर दिया ताकि हर आंचल के प्रत्येक गांव को स्वावलंबी बनाया जा सके। इस कार्य को गति देने के लिए उन्होंने बताया कि जैसा कि विवेकानंदजी ने कहा था कि यदि बच्चे स्कूल पढ़ने नहीं आ पाते हैं तो स्कूलों को उन्हीं के आसपास खोला जाना चाहिए इसी प्रकार वन बंधु परिषद को भी इसी उद्देश्य के साथ कार्य कर अग्रसर रहना होगा ।

वनबंधु परिषद के संरक्षक पद्मश्री विभूषित श्री रामेश्वरलालजी काबरा ने मातृशक्ति के कार्यों को उल्लेखित करते हुए कहा कि पंचमुखी शिक्षा के अंतर्गत २-२ गांव लेकर इस कार्य को अंजाम देकर स्वाबलंबित किया जा सकता है। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी बंधुओं से निष्काम भाव से समाज सेवा करने का आग्रह किया। साथ ही निष्काम भाव से सेवा कार्य करने से जो लाभ मिलते हैं जैसे संस्कार, श्रीवृद्धि एवं समाज में सम्मान आदि के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि श्रीमती मनोरमाजी लड्ढा द्वारा ग्वालियर महिला समिति का गठन किया गया था जिसकी वे पहली अध्यक्षा भी रहीं ।

उन्होंने वहां उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार श्रीमती मनोरमाजी लड्ढा ने ग्वालियर महिला समिति का उत्थान किया है उसी प्रकार समस्त मातृ शक्ति को भी सेवा कार्यों में अग्रसर रह कर अपनी पहचान बनानी चाहिए।

अतिथियों द्वारा ग्वालियर महिला समिति के कार्यों को सराहा गया। कार्यक्रम में ग्वालियर महिला समिति की अध्यक्ष - श्रीमती वीणा राठी, सचिव- श्रीमती उर्मिला जौहरी के साथ कई सदस्य उपस्थित थे।

महिला समिति द्वारा २७ जुलाई से वृक्षारोपण के पुनीत कार्य का शुभारंभ किया गया। इस हेतु सर्वप्रथम डबरा अंचल के संच आंतरी में २ विद्यालयों का चयन कर वृक्षारोपण किया गया। कुल १३५ पौधे लगाए गए ।

पौधे लगाने हेतु गांव के सभी वर्ग व आयु के लोगो ने बढ़चढ़कर अपनी-अपनी भागीदारी दी एवं इन पेड़ पौधों की तन मन से देखभाल करने का आश्वासन दिया। अनार, आम, नीम, सोजना, कटहल, केला, आमला, अमरूद, सीताफल, नींबू, शीशम, इत्यादि विभिन्न प्रकार के उपयोगी पौधे लगाये गये।

वापसी में शीतला माता के दर्शन करते हुए ११:३० बजे ग्वालियर के लिए प्रस्थान किया गया।

वृक्षारोपण

Indore Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Meena Garg

प्रभातकिरण
4
इंदौर, रविवार
14 जून 2023
वनबंधु परिषद महिला समिति की शपथ

कबीर जयंती कार्यक्रम व वार्षिक साधारण सभा

वनबंधु परिषद इंदौर महिला समिती की वार्षिक साधारण सभा व कबीर जयंती के उपलक्ष्य में मालवीय कलाकार कालूरामजी बामनिया द्वारा कबीर के भजन का रसपान रखा गया।

अध्यक्ष माधवीजी झंवर द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ ही सभी को वनबन्धु परिषद सदस्यता शुल्क का नवीनीकरण करने व सदस्य बनने के लिए आवाहन किया गया, जिसके प्रभाव से २० नए सदस्य बने।

सचिव सीमा जी रणधर ने महिला समिति की वर्ष २२-२३ की संपूर्ण गतिविधियो को PPT के माध्यम से सभा के समक्ष पेश किया।

वन बंधु परिषद राष्ट्रीय महासचिव गीताजी मूँदडा व राष्ट्रीय महिला समिति सचिव विनिताजी जाजू की उपस्थिति में पूर्व अध्यक्ष शिखाजी मुच्छाल द्वारा नये बोर्ड का परिचय कराया गया। पूरे कार्यक्रम का PPT Presentation ज़िम्मेदारी उर्मिलाजी सारडा ने सम्भाली।

समताजी द्वारा वक्तशीर काम के लिए उपहार दिए गए।

कालूरामजी बामनिया जो कि सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर के गुरु है और जिनके रोम रोम में कबीर बसे हुए है, के द्वारा गाये गये कबीर व मीरा बाई के भजनों का सभी ने भरपूर आनंद लिया। डेढ़ घंटे तक चले इस कबीर रस में पूरा सदन मानो डूब गया था।

आज ही के शुभ दिन २ विद्यालय विद्याजी मुछाल के प्रयास से प्राप्त हुए। कार्यक्रम का संचालन मीनाजी गर्ग ने बहुत ही कुशलता से किया।

Indore Mahila Samiti

शिवगढ़/बाझना संच के वनवासी बच्चों के लिए योग व मनोरंजन

२१ जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस वनवासी बच्चों के साथ रतलाम के संच शिवगढ़ के विद्यालय ग्राम भामट में ३ एकल विद्यालय ग्राम से लगभग ८८ बच्चे एकत्रित हुए।

योग के लिए इंदौर शहर से योग प्रशिक्षक डॉ. मंजूजी भंडारी ने अच्छे से योग सुझाव देकर प्रतिदिन योग करने का आग्रह कर बच्चों को सिखाया व बाद में उन्हें संतरे का रस व पोहे दिए।

इंदौर चैप्टर से महिला समिति अध्यक्ष माधवी झॅवर, सचिव सीमा रणधर ने समिति की बैठक रखी । एकल अभियान के कार्यों को सक्रिय करने का आग्रह किया। आशाजी मालू, मीनाजी गर्ग, समताजी मूंदड़ा ने बच्चों के बीच में खेल खेल में योगा करने का आग्रह किया और उन्हें पुरस्कार भी वितरित किये। अंचल रतलाम के एकल अभियान संरक्षक मनोहरजी पोरवाल ने एकल के लिए अच्छी कामना करते हुए आशीर्वचन दिए। मुख्य अतिथि के रुप में पधारे गोपालजी मजवादिया ने वनवासी बच्चो में संस्कार कैसे रहे और बच्चों को संस्कारी बनने के लिए सुझाव दिए । पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और पौधे भी रोपे। इस कार्यक्रम में पूर्ण कालीन कार्यकर्ता उपस्थित थे।

तीनो विद्यालय में इंदौर महिला समिति द्वारा १ फुटबॉल बोर्ड गेम में लुडो, शतरंज व शब्दपहेली, सीतोलिया व टेनिस बॉल भी दी गई। कार्यक्रम संचालन दीपकजी चौहान ने किया अर्चनाजी अग्रवाल ने आभार माना।

सखी संगम

सावन की शुरुवात इंदौर महिला समिति में हुई रसीले आमों के साथ। ६ जुलाई आम और आम के पत्तो से सजा हॉल और पीले हरे रंगों के परिधान में आयी सदस्यों ने वहाँ की सुंदरता में चार चाँद लगा दिये। 'एकल को जानो' में शशिजी काबरा ने एक बालक की शिक्षा के लिए अनुदान और सेवा पात्र के बारे में बहुत ही सारगर्भित बाते बताई, जिन्हें सुनकर कई नए सदस्यों ने 'एकल बालक की शिक्षा' के लिए अपना सहयोग दिया। फिर मैंगो तम्बोला, मैंगो गेम्स और हर जीतने वाले को मैंगोज़ ही इनाम में दिए गये अंचल रतलाम द्वारा गाँव में बनवाए कपड़े की थैलियों में। आगामी कार्यक्रम 'मास्टर शेफ" की जानकारी सभी को दी गई जो की अगस्त में होने वाला है। आभार के उपरांत स्वादिष्ट चायनाश्ते के साथ सभा समाप्त की गई।

Mumbai Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Sadhna Mundhra

वृक्षारोपण

५ जून को सुबह ९ बजे मुंबई महिला समिति के सदस्यों ने गगन गिरी आश्रम में एकत्रित हो पर्यावरण दिवस मनाया। श्रीफल से शुभारंभ कर नमिताजी ने मंत्र गा कर प्रकृति के तत्वों का आह्वान किया। सभी ने पौधों की पूजा व रोपण किया। बेलपत्र, तुलसी, नीम, पीपल व अन्य ७ प्रकार के पौधे लगाए तथा गौ माता को गुड़ खिलाया। प्रसाद के साथ केला और छाछ वितरण किया गया। सुन्दर वातावरण में सभी ने प्रकृति के कुछ गाने भी गुनगुनाये।

एकल को जानो

मुम्बई महिला समिति की मीटिंग १२ जून में 'एकल को जानो' से सभी को परिचित किया गया। एकल प्रदर्शनी की तारीख निश्चित की गई व सभी मेंबर्स को प्रयास शुरू करने के लिए कहा। एक सदस्य ने 'वृक्ष लगाओ' प्रोजेक्ट लिया, जिसके लिए सभी से सहयोग राशि जमा हुई।
डॉ मनोज भाटिया आमंत्रित थे, जिन्होंने दांतों व स्वास्थ सम्बंधी काफी जानकारी दी।

Mumbai Mahila Samiti

योग दिवस

मुंबई महिला समिति द्वारा योग दिवस २१ जून को पूर्व अध्यक्ष प्रेरणा बागड़ी ने बहुत ही सरल व असरदार योगासन व चक्रासन मेडिटेशन से सबको अवगत कराया।

वनयात्रा विवरण

२० जून को मुंबई से १५० किलोमीटर दूर अंचल पालघर वाडा के कदुपदा एवम् मंगरूल विद्यालय, गरगाँव संच में ग्रामवासियों ने महिला समिति का पारम्परिक रूप से स्वागत किया। समिति सदस्यों ने योग का स्वास्थ व जीवन मे महत्व समझाकर आचार्य व बच्चों के साथ ताड़ासन, वृक्षासन, सूर्यनमस्कार किए व मिठाई, लेखन सामग्री व कहानियों की पुस्तकें भेंट की। सभी बच्चों की ख़ुशी देखकर बहुत प्रसन्नता का अनुभव हुआ।

समिति ने बोरवेल प्रकल्प को भी भेंट दी, जिसके लिए सदस्य श्रीमती मंजु अग्रवाल ने अनुदान दिया। सभी गाँववासी पानी की सुविधा प्राप्त कर बहुत खुश थे।

नासिक संभाग के गरगाँव GRC सेंटर में 'क्षमता विकास वर्ग' में आचार्यों व कार्यकर्ताओं से आचार्य ऐप, कार्यकर्ता ऐप, प्रगत संच, स्वास्थ और शिक्षा आदि पर चर्चा हुई। उन्होंने भी कुछ मुद्दे उठाये। बहुत सारगर्भित मीटिंग रही।

सभी को मुंबई महिला समिति ने छाते भेंट किये।

Nagpur Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Sneha Agarwal

सावन उत्सव

समिति ने सखी संगम के साथ १५ जुलाई को सावन उत्सव मनाया। सभी सखियां हरे परिधान में आई थी। सखियों ने सावन पर झूम झूमकर गीत गाए, बहुत मस्ती की और गरमा गरम स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद भी उठाया। तंबोला और अन्ताक्षरी खेली गई। सखी संगम सखियों को एकल के बारे में विस्तृत महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। लगभग ३० सदस्य कार्यक्रम में मौजूद थीं।

योग दिवस

२१ जून को नागपुर महिला समिति की पूर्व अध्यक्ष मणिजी गोयंका ने गोंदिया आंचल के धनोरी ग्राम में विद्यालय के ७५ बच्चों के साथ योग दिवस मनाया, देवरी संकुल के सिलाई केंद्र को भेट दी तथा सविस्तार चर्चा की। २७ जून को भी नागपुर महिला समिति ने शिवाजी सभागृह में अध्यक्ष श्रीमती सीमाजी अग्रवाल के साथ ४० सदस्यों की उपस्थिति में योगाचार्य आशाजी अग्रवाल के मार्गदर्शन में योग दिवस मनाया। सभी लोगों ने योगा के आसन और उनके लाभ जानकर बहुत लाभान्वित हुए।
योगा के पश्चात सभी ने गरमा गरम कॉफी और उपमा का आनंद उठाया।

Nagpur Mahila Samiti

पुरुषोत्तम मास कार्य

पुरुषोत्तम मास निमित्त पहला कार्यक्रम २४ जुलाई माहेश्वर वानप्रस्थ आश्रम, उज्जवल गोरक्षण ट्रस्ट में हुआ। महिला समिति द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत तीन बार ब्रम्हनाद से की गई।

सभी बुजुर्ग लोगों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

पुरुषोत्तम माह के निमित्त उज्जवल गोरक्षण के वृद्धाश्रम में दोपहर का भोजन विमला देवी गनेड़ीवाला (बनारस) के सहयोग से खिलाया गया।

बिस्किट, चॉकलेट, फल, विक्स इनहेलर, बाम, नैपकिन तथा मूंगफली की चिक्की आदि सामग्री सभी में वितरित की गई। सभी बुजुर्ग हाउजी खेल कर बहुत खुश हुए। गौशाला में गाय को चारा और गुड़ की सेवा दी गई।

वृद्ध आश्रम में बुजुर्ग लोगों के साथ समय व्यतीत कर समिति की सभी वरिष्ठ व अन्य बहनो को बहुत शांति और आनंद की अनुभूति हुई।

Pune Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Aruna Lahoti

संक्रान्ति त्योहार पर आधारित नाटिका की प्रस्तुती

वनबन्धु परिषद महिला समिति पुणे द्वारा, दिनांक ९ जुलाई को, स्थानीय ग्रुप महेश प्रोफ़ेशनल फ़ोरम (MPF) के द्वारा आयोजित प्रोग्राम 'उत्सव' में, एक नाटिका प्रस्तुत की गई। यह आयोजन पूरे वर्ष में आने वाले सभी हिन्दू त्योहारों पर आधारित था। उसमें पुणे महिला समिति ने 'संक्रांति' का विषय चुना और संक्रान्ति दान के महत्व को एकल अभियान से जोड़ते हुए एक नाटिका प्रस्तुत की। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में १४० MPF सदस्यों की सहभागिता रही। लगभग ४५० से भी अधिक दर्शक उपस्थित थे। इस नाटिका को सभी ने बहुत सराहा। संक्रांति के महत्व को समाज तक पहुंचाने के लिए यह अच्छा माध्यम सिद्ध हुआ।

इस नाटिका में नारद मुनि का पृथ्वी पर विचरण और घर-घर संक्रांति का त्योहार मनाने की परंपरा का चित्रण किया गया एवं 'संक्रांति का दान एकल को देकर आप उसे और भी उपयुक्त एवं लोकोपयोगी बना सकते हैं'; यह संदेश सभी दर्शकों द्वारा बहुत ही सराहा गया। नाटिका का लेखन एवं निर्देशन हमारी सदस्य वन्दना बिहानी द्वारा किया गया एवं इसका मंचन सुनंदा काबरा, श्वेता मालपानी, रचना भूतड़ा, नेहा लद्धड़ एवं अर्चना बेहेडे द्वारा किया गया।

इसी आयोजन में पश्चिम जोन की सचिव अंजली जी तापडिया द्वारा अक्षत तृतीया का महत्व समझाते हुए बहुत ही सुंदर नाटिका का प्रस्तुतीकरण भी किया गया।

Surat Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Jyoti Pansari

वार्षिकसाधारण सभाएवं फ्रूटफियेस्टा सम्पन्न

वनबंधु परिषद महिला समिति सूरत की 'वार्षिक साधारण सभा एवं फ्रूट फियेस्टा' कार्यक्रम ५ जून २०२३ को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सूरत महानगरपालिका स्थायी समिति की सदस्या श्रीमती रश्मि साबू और सूरत की पूर्व मेयर एवं गुजरात पंचायत सेवा चयन आयोग की निदेशक श्रीमती सुष्माबेन अग्रवाल विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित रही। सर्वप्रथम अतिथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अध्यक्ष श्रीमती अशिता नांगलिया ने उपस्थित बहनों का स्वागत किया एवं कार्यकाल २०२३-२५ के लिये अध्यक्ष पद हेतु श्रीमती रितु गोयल के नाम की घोषणा की। श्रीमती रितु गोयल ने अपनी नई कार्यकारिणी का परिचय कराया एवं एकल सूरत चैप्टर कार्यों की जानकारी प्रदान की।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई बहनों को पौधे प्रदान किये गये। कार्यक्रम में बहनों को ४ गुटों में बांट कर विभिन्न मनोरंजक खेल खिलाये गये। विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किये गये।

कार्यक्रम के माध्यम से ४० बहनों से सदस्यता शुल्क का नवीनीकरण किया गया तथा १० नई बहनों को सदस्यता दी गई। कार्यक्रम में वनबंधु परिषद पदाधिकारियों एवं युवा सदस्यों के साथ लगभग ६० महिलाएं उपस्थित रहीं। सचिव श्रीमती ज्योति पंसारी ने वर्ष २०२२-२३ का प्रतिवेदन पी.पी.टी. के माध्यम से प्रस्तुत किया एवं बहनों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम की सुन्दर व्यवस्था महिला समिति की बहनों द्वारा की गई थी। कार्यक्रम बहुत भव्यता से सम्पन्न हुआ।

Surat Mahila Samiti

वनबंधु परिषद महिला एवं युवा शाखा द्वारा योग कार्यक्रम संपन्न:

वनबंधु परिषद महिला एवं युवा शाखा द्वारा योग कार्यक्रम संपन्न

देश के आदिवासी क्षेत्रों में अपनी पंचमुखी योजनाओं के माध्यम से वनवासी समाज की साक्षरता एवं चहुमुखी विकास को प्रयत्नशील वनबंधु परिषद की महिला समिति सूरत एवं युवा शाखा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निमित्त योग कार्यक्रम, महाराजा अग्रसेन भवन में संपन्न किया गया।

संस्था की मातृशक्ति द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग की योग निष्णात डॉ शिवानी बिलिमोरिया ने एकल सूरत चैप्टर के पदाधिकारियों, महिला, युवा, बाल शाखा और शहर के लगभग १५० महिला पुरुष एवं बच्चों को योग साधना कराई।

संस्था की महिला एवं युवा शाखा द्वारा शहर की शबरी (कच्ची) बस्तियों के बच्चों एवं अभिभावकों के लिए शिक्षा एवं संस्कार का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। शबरी बस्ती के २५ बच्चों ने बहुत ही रोचक ढंग से संगीतमय योग प्रस्तुति दी। एकल किड्स ने भी अपनी योग प्रतिभा का दमखम दिखाया। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए सूरत शहर के प्रख्यात कोरियोग्राफर जलपा ने जुंबा करवाया।

कार्यक्रम की व्यवस्था महिला शाखा की श्रीमती विजया कोकड़ा, श्रीमती अशिता नांगलिया, श्रीमती रितु गोयल, श्रीमती ज्योति पंसारी द्वारा की गई। कार्यक्रम संयोजक युवा शाखा के श्री मोहित गोयल एवं श्री दुर्गेश मोर ने बताया कि वनबंधु परिषद देश के वनवासी क्षेत्रों में ८४ हजार से अधिक एकल विद्यालयों का संचालन कर रही है तथा अपनी पंचमुखी शिक्षा से वनवासी समाज को विकसित कर देश के सजग सचेत प्रहरी के रूप में खड़ा करने हेतु प्रयासरत है।

Bangalore Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Anita Jain

पर्यावरण दिवस

वनबंधु परिषद बैंगलोर महिला समिति ने ६ जून को पर्यावरण दिवस मनाया। कार्यक्रम संयोजिका ने विडियो के माध्यम से सभी को एकल अभियान के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यक्रम में ५ से ७ वर्ष के बच्चों के लिए 'हमारी धरती' विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई। १४ बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति दी जिसके लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही पर्चियों पर उनसे निजी संकल्प लिखवाकर उन्हें पर्यावरण बचाव हेतु प्रेरित किया गया।

एक बालक ने बड़े ही आकर्षक तरीके से एक सुंदर कहानी द्वारा पेड़ों की देन का महत्व समझाया। साथ ही साथ लघु-नाटिकाओं द्वारा प्रकृति और वातावरण को प्रदूषणमुक्त रखने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। सभा में सभी ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए पर्यावरण संरक्षण पर गंभीरता से चिंतन करने और उचित कदम उठाने का विचार किया। खुशी की बात यह है कि तीन नये सदस्यों ने उसी समय फ़ीस जमा कर एकल से जुड़ने की स्वीकृती दी।

Bangalore Mahila Samiti

सावन स्पेशल - एकल मेला

वनबंधु परिषद बैंगलोर महिला समिति ने ८ जुलाई को पहली बार 'सावन स्पेशल-एकल मेला' प्रदर्शनी का आयोजन माहेश्वरी भवन, ओकलीपुरम में किया।

मुख्य अतिथि के रूप में फ़िल्म अभिनेत्री व सेलेब्रिटी टैरो कार्ड रीडर श्री काँकाणीजी को आमंत्रित किया गया जिन्होंने सभी आयामों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मेले का उद्घाटन रिबन की गाँठ खोलकर किया।

प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की ८० दुकानों पर लगभग १५०० लोगों ने जमकर खरीदारी के साथ स्वादिष्ट खान -पान का भी आनंद उठाया और जाते-जाते महिला समिति और मेले की बहुत प्रशंसा कर एकल परिवार से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की।

हमारी मीडिया प्रभारी के द्वारा लगाया हुआ गेम ज़ोन बच्चों के लिए विशेष आकर्षण था, जिसमें तरह-तरह के पारंपरिक खेल थे जिसका न केवल बच्चों बल्कि बड़ो ने भी आनंद लिया।

हर घंटे में एक 'लकी ड्रा' निकाला गया और विजेताओं को आकर्षक इनाम दिए गए।

जोनल पदाधिकारियों के निर्देशन में महिला समिति की प्रदर्शनी प्रभारी, आयोजन टीम और सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने बहुत मेहनत की और उनके लगातार अथक प्रयास, सुचारू व्यवस्था और आपसी सहयोग से एकल मेला आयोजन उम्मीद से अधिक सफल रहा ।

कुछ दिन बाद समीक्षा सभा का आयोजन किया गया जिसमें हमारी अध्यक्ष और सचिव ने सभी का आभार जताया और मेले की सफलता से अवगत कराया कि हमनें लगभग १५ स्कूल के लिए अनुदान एकत्रित किया है। सभी ने मुंह मीठा कराकर एक दूसरे को बधाई दी, साथ ही भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया।

Chennai Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Bina Maheswari

प्रदर्शनी की तैयारियां

दिनांक १२ जून सोमवार को चेन्नई महिला समिति की पहली मासिक बैठक कैलाश पर्वत के बैंक्वेट हॉल में ७, ८ एवं ९ जुलाई को Express Avenue के Mall में होने वाली प्रदर्शनी के बारे में आयोजित की गई । अध्यक्ष श्रीमती वीणा झंवर ने उपस्थित सभी ४७ सदस्यों का स्वागत किया। विशाखा पंड्या ने विस्तृत जानकारी प्रदान करी कि कुल मिलाकर ५३ स्टॉल लगने वाले हैं, जिसमें से सदस्यों की मेहनत से 48 स्टाल की बुकिंग हो गई है। वनबन्धु परिषद के अपने स्टॉल एवं Treasure Island में अपना सहयोग देने के लिए सभी सदस्यों ने अपने अपने नाम लिखवाए। उद्घाटन के दिन सभी ने एक जैसी साड़ियां पहनने का निर्णय लिया।

इस साल की योजना के अनुसार 'आओ कुछ सीखे' इस श्रृंखला में सदस्या शकुंतला मोहता द्वारा Mocktails का Demonstration दिया गया जो बहुत ही अच्छा था। इसके बाद इडली के घोल से तैयार किए जाने वाले विविध व्यंजनों के बारे में बताया गया। श्रीमती सुनीता डागा ने तेलंगाना के नाम और उसके बारे में जानकारी बहुत अच्छे शब्दों में दी।

इस बैठक के यजमान शकुंतलाजी मोहता, शकुंतलाजी करनानी एवं निर्मला जी लोढ़ा थी। अंत में कल्याण मंत्र के पश्चात् स्वादिष्ट व्यंजन का सभी ने लुफ्त उठाया।

तीन दिवसीय प्रदर्शनी 'Festive Fiesta'

चेन्नई महिला समिति की तीन दिवसीय प्रदर्शनी 'Festive Fiesta' ७, ८ एवं ९ जुलाई को Express Avenue Mall में रखी गई।

तमिलनाडु स्टेट विमेंस कमिशन की चेयरपर्सन श्रीमती ए. स. कुमारी मुख्य अतिथि थी । गेस्ट ऑफ ऑनर श्रीमती कविताजी सिंघानिया (एम.डी. एक्सप्रेस एवेन्यू) तथा विशेष अतिथी श्रीमती अरुणा विजय (मास्टरशेफ फाइनल 2023) थी ।

Chennai Mahila Samiti

श्रीमती अरुणा विजय की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर ७ जुलाई को सुबह १० बजे प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। ७० से भी अधिक संख्या में उपस्थित होकर महिला समिति की सदस्यों ने प्रदर्शनी में चार चांद लगा दिए। चेन्नई चैप्टर के अध्यक्ष श्री प्रवीण जी टाटिया एवं अनेक पदाधिकारी गणों ने उद्घाटन समारोह में आकर शोभा बढ़ाई। प्रदर्शनी में कुल ५३ स्टॉल्स थे जिसमें भारत के अनेक शहर जैसे बीकानेर, कोलकाता, इंदौर आदि से सामान मंगवा कर बेचा गया।

कपड़े, गहने, चादर, खान-पान का सामान, गृह-सज्जा आदि के अनेक प्रकार के स्टॉल भी थे। प्रदर्शनी में तीनों दिन भारी संख्या में लोगों का आना-जाना रात १० बजे तक लगा रहा। सभी ने प्रदर्शनी की बहुत सराहना की और खरीदारी भी की । सभी स्टाल के व्यापारी बहुत प्रसन्न हुए।

FTS का ट्रेजर आइलैंड स्टॉल प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण था। जिसमें साइकिल, साड़ी, सूट, क्राकरी जैसी अनेक उपयोगी वस्तुएं लकी ड्रॉ के लिए रखी गई थी। ट्रेजर आइलैंड स्टॉल का सामान समिति की ही सदस्यों द्वारा स्पॉन्सर किया गया था। श्रीमती काजलजी एवं ट्रेजर आइलैंड की टीम बखूबी अपना कार्य निभाया।

इस Festival Fiesta की संयोजिका शालिनीजी मित्तल एवं विशाखाजी पांड्या की कड़ी मेहनत के कारण बाजार बहुत ही शानदार रहा।

मीडिया प्रभारी रश्मिजी चांडक एवं आरतीजी विट्ठलदेव ने बहुत ही सुचारू रूप से समाचार पत्र, विज्ञापन, फेसबुक, इंस्टाग्राम इत्यादि के माध्यम से प्रदर्शनी का प्रचार-प्रसार किया।

श्रीमती पुष्पाजी फोमरा, कुसुमजी फोमरा, लीलाजी कलंत्री एवं उनकी टीम ने FTS महिला समिति के अपने स्टॉल की पूरी जिम्मेदारी संभाली।

कोषाध्यक्ष श्रीमती सृष्टि फोमरा ने भी अपना काम बखूबी निभाया। प्रदर्शनी के माध्यम से १ महीने में चेन्नई महिला समिति द्वारा १५४ विद्यालयों के लिए अनुदान प्राप्त किया गया, जो स्टॉल और स्पॉन्सरशिप के माध्यम से प्राप्त हुए।अनेक लोगों ने वनबन्धु परिषद का सदस्य बनने की इच्छा जताई ।

निवर्तमान अध्यक्षा श्रीमती साधनाजी मिमानी समिति आधार स्तंभ बन कर हर पल समिति के साथ जुड़ी रही और पथ प्रदर्शन किया। श्रीमती लताजी मालपानी, श्रीमती नीमाजी जैन एवं श्रीमती विमलाजी दम्मानी ने हर पल हमारा मार्गदर्शन किया।

Chennai Mahila Samiti

सावन

२० जुलाई को दोपहर २:३० बजे कैलाश पर्वत में सावन पर आधारित बैठक में ४५ सदस्यों की उपस्थिति थी। होस्ट श्रीमती मीता गोलेछा एवं कंचन चोरडीया ने बहूत ही नए अंदाज़ में तंबोला गेम खिलाकर सब का मनोरंजन किया। सावन के हिसाब से सभी ने हरे रंग की वेशभूषा धारण की थी। श्रीमती बीना माहेश्वरी ने नॉर्थ ईस्ट की सात बहनों में से एक राज्य मेघालय के बारे में पूरी जानकारी दी ।
अंत मे सभी ने स्वादिष्ट अल्पाहार का लुत्फ उठाया।

औषधीय पौधों का रोपण

सावन का पावन महीना और अधिक मास इस वर्ष दोनो एक साथ थे । ऐसे पावन महीने में महिला समिति ने २८ जुलाई २०२३ के दिन औषधीय पौधों का रोपण करने का संकल्प किया। इस आयोजन में समिति की बहनों ने बढ़ चढ़कर अपना योगदान देकर अधिक मास में पुण्य अर्जित किया। १६ बहनों ने मिल-जुलकर 'दयासदन' और पिंजरापोल में यह कार्यक्रम किया।
तुलसी, अजवाइन, गिलोय, अलवीरा, पान, लेमन ग्रास, नीम, रोजमेरी इत्यादि के ७४ पौधे लगाए गए। साथ ही गमले और कंपोस्ट भी दिए गए। पिंजरापोल में वृक्षारोपण के साथ गायों को चारा भी खिलाया। दया सदन और पिंजरापोल के अधिकारियों ने पौधों की समुचित देखभाल करने का आश्वासन भी दिया।

Kochi Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Maheswari Muralidharan

Ekal Awareness Programme

On 24th June '23, FTS Kochi Mahila Samiti conducted an Ekal Awareness Programme for the benefit of existing members of Samiti as well as prospective members. More than 100 people participated including Karyakartas. Videos of Shri Hari Rath plying in Kerala and also about functioning of Ekal schools in Attapadi, Idukki and Wayanad Anchals were shown. A PPT presentation about Ekal Abhiyan together with the work of FTS was presented to create awareness about Samiti's work and the hurdles faced. Donors and Karyakarthas, who are working for Ekal for more than 3 years were honoured. Highlight of the programme was a drama on Hanumanji performed by Ekal children. Children from Idukki Anchal performed yoga in dance form. Mahila Samiti members performed a dance drama on Panchmukhi Siksha of Ekal. Mahila Samiti's participation was colourful and it enhanced the Ekal awareness programme.

Dibrugarh Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Anu Deora

गांव मे पर्यावरण दिवस

वनबंधु परिषद डिब्रूगढ़ महिला समिति की ३ सदस्यों ने तीन विभिन्न जगहों पर जाकर बच्चों के साथ पर्यावरण दिवस मनाया। इसके साथ ही डिब्रूगढ़ के बोकुल गांव मे, मंथन स्कूल में और एकल कार्यालय में भी फल एवम् औषधि के वृक्ष लगाए। लुइतपोरिया स्वर्ण शाखा साहित्य सभा के साथ मिलकर बोकुल के विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

वन यात्रा तथा योग दिवस

वन यात्रा तथा योग दिवस के अवसर पर महिला समिति की सदस्याओं ने गावों के विभीन्न विद्यालयों में योग शिविर के साथ आरोग्य शिविर का आयोजन किया तथा अचार्यों से विद्यालय के सुचारु रूप से चलने की विस्तृत जानकारी ली और उनके परिवार जनों से मिले। साथ ही वन यात्रा में आये आतिथियों ने विद्यालय के बच्चों में उपहार वितरण भी किया।

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एकल के आचार्यों को एवं संच प्रमुख को ऑनलाइन योग करवाया गया।

'क्षमता विकास वर्ग' के उद्घाटन का सत्र

वनबन्धु परिषद डिब्रूगढ़ महिला समिति द्वारा दिनांक ८ जुलाई से १२ जुलाई २०२३ तक डिब्रूगढ़ के ज्योतिनगरस्थित श्री हरि कथा प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में पांच दिवसीय 'क्षमता विकास वर्ग' के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया।

वनयात्रा

वन बंधु परिषद गुवाहाटी महिला समिति द्वारा २१ जुलाई को वन यात्रा का आयोजन बक्सा अंचल के गोरेश्वर संच के एक विद्यालय ग्राम में किया गया। एकल विद्यालय के आचार्यों का वार्षिक अभ्यास वर्ग का आयोजन भी वहीं आयोजित था। समिति ने वर्ग में उपस्थित आचार्यों के साथ मेल मिलाप कर उनसे उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया एवं वहां उपस्थित आचार्यों को राखी बांधकर उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हुए सम्मान के रूप में छाता व मिठाई भेंट की। एकल विद्यालय के आचार्य बच्चों को जहां गाने, नृत्य एवं खेल के माध्यम से शिक्षा प्रदान करते हैं, वही संस्कार शिक्षा के तहत उन्हें गायत्री मंत्र एवं आध्यात्मिक शिक्षा व कथा से अवगत भी कराते हैं ।

अध्यक्ष बंदना बगड़िया ने अपने संभाषण में उपस्थित आचार्यों को गुरु स्वरूप बताते हुए गुरु शब्द का अर्थ बताया कि किस तरह गुरु अज्ञानता रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति का पूरा सहयोग रहा।

Silchar Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Vinita Khandelwal

योग दिवस

महिला समिति ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने सदस्यों के साथ योग किया। मार्गदर्शन अनीता जैन ने किया।

पर्यावरण बचाने के प्रयास

पर्यावरण को बचाने का एक छोटा सा प्रयास २ जून को साई विकास विद्या निकेतन में किया गया, जहाँ समिति ने परिसर क्षेत्र में १० किस्मों के ३० छायादार और फलदार पौधे लगाए।

वनयात्रा

सिलचर महिला समिति के १२ सदस्यों ने, दो मेहमानों के साथ २६ जुलाई को संच दूधपतिल, विद्यालय ग्राम मुरलीधर में वनयात्रा का आयोजन किया। सभी गांव वासी, आचार्य एवं बच्चों ने तिलक व फूलों से स्वागत कर ब्रह्मनाद, गायत्री मंत्र व हनुमान चालीसा से आरम्भ किया। कुछ बच्चों और आचार्यों ने एकल से होने वाले लाभ और अनुभव साझा किये। बच्चों ने गीत, श्लोक और भजन सुनाए। बिस्कुट, चॉकलेट, चिप्स व लेखन सामग्री के साथ समिति सदस्य अनीता गोलछा ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष पर सभी को शर्ट भेंट की।

बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता करवाकर प्रथम, द्वितीय और तृतीय उपहार दिए गए। गांव में बनाई जाने वाली वस्तुओं के लिए उनको कुटीर उद्योग के लिए प्रोत्साहित किया गया और विस्तार से उनको पुनः जानकारी दी गयी। आचार्य ऐप के लिए आचार्य से बात की और साथ ही जिनके पास मोबाइल नहीं है उनसे उसकी व्यवस्था करने के बारे में चर्चा हुई।

This is all for this edition... Looking forward to bringing to you more news about the various projects taken up by all our Samitis for the upliftment and awareness regarding fitness through yoga and safe guarding our environment in rural areas too.

Thank you